# स्पेस टेक्नोलॉजी का हब बनेगा मध्यप्रदेश

## मध्यप्रदेश भारत की उभरती स्पेस इकोनॉमी में अपना महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित कर सकेगा

- मप्र स्पेस टैक पॉलिसी-2025 का ड्रॉफ्ट तैयार
- सरकार ने सुझाव आमंत्रित किये



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का विजन है कि मध्यप्रदेश को भारत का स्पेस टेक्नोलॉजी हब बनाया जाए, जिससे प्रदेश में विकसित स्पेस टैक ईकोसिस्टम सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए.**

इसी विजन को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश स्पेस टैक पॉलिसी-2025 बनाई गई है. स्पेस टैक पॉलिसी में अंतरिक्ष तकनीक का उपयोग कृषि, जल संसाधन प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, शहरी नियोजन और सुशासन में किये जाने के संबंध में भी स्पष्ट दिशा-निर्देश शामिल किये गए हैं. इससे प्रदेश की जनता को सीधे लाभ होगा और प्रदेश भारत की उभरती स्पेस इकोनॉमी में अपना महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित कर सकेगा. राज्य सरकार ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए 'मध्यप्रदेश स्पेस टैक पॉलिसी-2025' का ड्राफ्ट सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया है. इस नीति का उद्देश्य प्रदेश को भारत का अगला प्रमुख स्पेस टैक हब बनाना और वैश्विक स्पेस इकोनॉमी में भारत की हिस्सेदारी को बढ़ाना है. सरकार ने नागरिकों, उद्योग जगत, स्टार्टअप्स और शिक्षाविदों से इस ड्राफ्ट नीति पर सुझाव आमंत्रित किए हैं, जिससे यह नीति प्रदेश की आकांक्षाओं और व्यावहारिक आवश्यकताओं के अनुरूप अंतिम रूप ले सके. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने इस ड्राफ्ट नीति को सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध कराया है. नागरिकों, स्टार्टअप्स, उद्योग जगत और शोध संस्थानों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत करें.

पॉलिसी ड्राफ्ट के लिए दो हाइलेबल कंसल्टेंसी मीटिंग्स की गईं. पहली बैठक आईआईटी इंदौर में हुई. इसमें इसरो, डीआरडीओ, बीईएल, शिक्षाविद और उद्योग जगतके 30 से अधिक विशेषज्ञ शामिल हुए. मीटिंग में 'मध्यप्रदेश स्पेस टैक: एक्सप्लोरिंग अपॉर्चुनिटीज एंड चैलेंजेज' विषय पर विचार-विमर्श हुआ. दूसरी बैठक बेंगलुरु स्थित बीईएल ऑफिसर्स क्लब में हुई. इसमें इसरो, डीआरडीओ, बीईएल, एसआईए-इंडिया और प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के 40 से अधिक विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया. इनका नेतृत्व अतिरिक्त मुख्य सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग संजय दुबे ने किया. दोनों मीटिंग्स में आये परामर्शों, विचारों और सुझावों को पॉलिसी ड्राफ्ट में शामिल किया गया है.

### पॉलिसी तीन स्तरों में विभाजित

स्पेस टैक पॉलिसी को तीन स्तरों-अप स्ट्रीम, मिडस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम-में विभाजित किया गया है. अपस्ट्रीम में उपग्रह व लॉन्च वाहन निर्माण, प्रोपल्शन, एवियोनिक्स, स्पेस एसेट विकास के लिए विकसित रणनीतियों का समावेश है. मिडस्ट्रीम में मिशन संचालन, लॉन्च सेवाएं, ग्राउंड स्टेशन, स्पेस ट्रैफिक मैनेजमेंट और डेब्रिस मिटिगेशन, जबकि डाउनस्ट्रीम में पृथ्वी अवलोकन, उपग्रह संचार, नेविगेशन एवं पोजिशनिंग और सिस्टम एंड डेटा एनालिटिक्स को शामिल किया गया है.

> पॉलिसी ड्राफ्ट में स्पष्ट किया गया है कि मप्र के पास स्पेस टैक में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं. जबलपुर का डिफेंस कॉरिडोर, पीथमपुर का प्रिसिजन इंजीनियरिंग हब, प्रदेश की मजबूत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षमता और आईआईटी इंदौर, आईआईएसईआर भोपाल एवं आरआरसीएटी इंदौर जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक एवं शोध संस्थान प्रदेश को स्पेस टैक सैक्टर में अग्रणी भूमिका दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। विशेष रूप से आईआईटी इंदौर देश का एकमात्र संस्थान है.

### आज पन्ना में विकास कार्यों की सौगात देंगे सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 5 सितम्बर को पन्ना जिले की गुनौर विधानसभा क्षेत्र के अमानगंज में आयोजित कार्यक्रम में 106.15 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 23 करोड़ 73 लाख रुपये के 9 विकास कार्यों का लोकार्पण और 82 करोड़ 42 लाख रुपये के 16 विकास कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे.

## जिला भोपाल ग्रामीण की कार्यकारिणी घोषित

**भोपाल, 4 सितंबर.** भाजपा ने जिला भोपाल ग्रामीण के पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है. घोषित सूची के अनुसार राजमल कुशवाह उपाध्यक्ष, दयाल सिंह गुर्जर उपाध्यक्ष, नरेश शर्मा उपाध्यक्ष, हेमंत बिलपरिया उपाध्यक्ष, जया साहू उपाध्यक्ष, वीरेंद्र सिंह मारण उपाध्यक्ष, पूरन सिंह पटेल महामंत्री, कुबेर सिंह गुर्जर महामंत्री, सत्यनारायण शर्मा महामंत्री, सावित्री मालवीय मंत्री, राजकुमार राजपूत मंत्री, शादीलाल वर्मा मंत्री राज दाँगी मंत्री, रामबाबू मीणा मंत्री, नीतू शर्मा मंत्री, रचना साहू मंत्री, रानी मेहर मंत्री, संजय पाल कोषाध्यक्ष, प्रमोद सिंह तोमर सह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं.

## कांग्रेस की पुरानी आदत, झूठ और नफरत की राजनीति!

**भोपाल.** भाजपा प्रवक्ता आशीष अग्रवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि उमंग सिंघार जी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को सलाह देने से पहले अपनी गिरेबां देखें. उनकी अपनी कांग्रेस पार्टी में स्थिति कितनी दयनीय है, यह सबको दिख रहा है. नेता प्रतिपक्ष को यदि विधायिका के नियम नहीं पता, तो यह मध्य प्रदेश कांग्रेस के लिए शर्म की बात है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल पर कह रहे हैं कि उन्होंने विधानसभा सत्र में अपने क्षेत्र के विकास की मांग रखी. उमंग सिंघार, यह तो एक विधायक का मूल कर्तव्य है.



## पूर्व सरपंच श्रद्धालुओं के साथ करीलाधाम रवाना

**बैरसिया, 4 सितंबर. पिछले 9 वर्षों से लगातार पूर्व सरपंच राजू यादव श्रद्धालुओं के साथ सोहाया गांव से माता जानकी मंदिर करीला धाम की लगातार पैदल यात्रा करते आ रहे हैं. इसी कड़ी में राजू यादव 10 वें वर्ष की झंडा यात्रा पर गुरुवार को सैकड़ो श्रद्धालुओ के साथ माता जानकी मंदिर करीला धाम के लिए पैदल यात्रा पर रवाना हुए हैं.**

लगभग 100 किलोमीटर लंबी पैदल यात्रा को रवाना कराने समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव सोहाया पहुंचे. उन्होंने राजू यादव सहित यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का पुष्पमालाओं से स्वागत कर शुभयात्रा की बधाई दी. वहीं मुस्लिम त्यौहार कमेटी, यादव युवा मंच सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने भी पुष्पवर्षा कर स्वागत किया. माँ जानकी मंदिर करीला धाम यात्रा के प्रमुख पूर्व सरपंच यादव ने बताया कि हर साल इसी तरह एक साथ भक्ति भाव से पैदल यात्रा कर करीला धाम पहुंचकर देवी मां को चुनरी अर्पित करते हैं. सभी श्रद्धालु हाथों में ढोलक, मंजीरे से संगीतमय कीर्तन करते हुए मां जानकी के जयकारे लगाते हुए चलते हैं. और करीला धाम में बधाई स्वरूप राई नृत्य एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है. भंडारे में बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित होकर प्रसादी ग्रहण करते हैं. विशाल पैदल यात्रा को रवाना करने सोहाया पहुचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव, पूर्व मंडी अध्यक्ष सतनारायण यादव, अखंड प्रताप सिंह, पूर्व पार्षद अमित साहू, पूर्व पार्षद रघु यादव, पार्षद प्रतिनिधि आकाश यादव, सरपंच अनिल धाकड़ आदि लोगो ने यात्रा का स्वागत किया.

## आवास संघ को सशक्त बनाने के लिए बनेगी कार्ययोजना

- सहकारिता मंत्री ने संघ की गतिविधियों की समीक्षा की

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 सितंबर.सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरुवार को मध्यप्रदेश राज्य सहकारी आवास संघ मर्यादित की गतिविधियों की समीक्षा बैठक ली. बैठक में मंत्री सारंग ने कहा कि आवास संघ को एक सशक्त निर्माण एजेंसी के रूप में स्थापित करने के लिए ठोस और दूरदर्शी कार्ययोजना तैयार की जाए.**

मंत्री सारंग ने निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर उनकी निधि से किए जाने वाले निर्माण कार्य आवास संघ को दिए जाने हेतु आग्रह करें. उन्होंने कहा कि सहकारिताओं के बीच सहकार की भावना को मूर्त रूप देते हुए सहकारिता विभाग के अंतर्गत राज्य संघ, उपभोक्ता संघ एवं अन्य सहकारी संस्थाओं से संबंधित सभी निर्माण कार्यों के लिए आवास संघ को नोडल एजेंसी बनाया जाए.

> सारंग ने कहा कि एम-पैक्स से जुड़े निर्माण कार्य भी आवास संघ को ही सौंपे जाएं. उन्होंने आवास संघ की गतिविधियों के विस्तार के लिए सभी सहकारी सोसाइटियों को सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए इस दिशा में कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए.



**पूर्व विस अध्यक्ष स्व. शुक्ल को दी श्रद्धांजलि**

**भोपाल.** मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व.रामकिशोर शुक्ल की जयंती पर गुरुवार को विधानसभा के सेंट्रल हाल में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए. इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी, शुक्ल के पारिवारिक सदस्यगण, विधानसभा के सचिव अरविंद शर्मा सहित बड़ी संख्या में विधानसभा के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद थे.

## जिलों में परियोजनाओं का जायजा लेंगे अफसर

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने जारी किये आदेश

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में स्व सहायता समूह की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के साथ ही मां नर्मदा परिक्रमा पथ के आश्रय स्थलों को संवारने, नदियों के उद्गम स्थलों को संरक्षित करने के लिए एक बगिया मां के नाम परियोजना, मां नर्मदा परिक्रमा पथ, गंगोत्री हरित योजना चला रही है.**

परियोजना का जिले स्तर पर बेहतर ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिये जमीनी स्तर पर निरीक्षण करने राज्य स्तरीय अधिकारी जिलों में पहुंचेंगे. भ्रमण के बाद क्रियान्वित कार्यों की वस्तुस्थिति के बारे में मनरेगा आयुक्त को जानकारी देंगे. अधिकारियों द्वारा यह जानकारी मनरेगा परिषद द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाइल ऐप के माध्यम से दी जाएगी. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश भी जारी किए गए हैं. एक बगिया मां के नाम, मां नर्मदा परिक्रमा पथ के आश्रय स्थलों की भूमि पर किए जा रहे पौधरोपण और गंगोत्री हरित योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की गतिविधि को देखने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने 41 अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है. ये सभी अधिकारी सितम्बर में प्रदेश के सभी जिलों में जाकर योजनाओं का कार्य देखेंगे.

## हमीदिया अस्पताल को जल्द मिलेगा हाईटेक कैथलैब

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 4 सितम्बर. लम्बे समय बाद हार्ट के मरीजों को अब राहत की सांस मिल सकेगी. हमीदिया अस्पताल में जापान से हाईटेक कैथलैब मशीन लाई गई है. जिसे अक्टूबर से शुरू करने की योजना बन रही है.**

इस मशीन की मदद से हार्ट और खून की नशों में ब्लॉकेज की समस्या को पता करना अब पहले से आसान हो सकेगा. इस मशीन की लागत करीब 7 करोड़ से अधिक है. जो कि अस्पताल में आ रहे किडनी और हार्ट के मरीजों के लिए मददगार साबित होने वाली है. नई कैथलैब में दो सी आर्म है, जो थ्रीडी इमेज को बेहतर तरीके से बनायेंगी. और इससे मिली जानकारी के अनुसार एंजियोग्राफी और जटिल एंजियोप्लास्टी जैसी प्रक्रियाओं में बेहतर उपलब्धि मिलेगी.

डॉक्टरों के अनुसार नई कैथलैब के साथ पुरानी लैब भी जांच के लिए जारी रहेगी और मरीजों को दोनों लैब में सुविधा मिलती रहेगी.

## विमानन क्षेत्र के विकास के लिये समिति गठित

**भोपाल.** राज्य शासन द्वारा मप्र सिविल एविएशन पॉलिसी, 2025 के तहत मप्र में विमानन क्षेत्र के विकास के लिये सिंगल विंडो उपलब्ध कराया जाने तथा उक्त पॉलिसी में दिये गये दायित्वों का निर्वहन करने के लिये साधिकार समिति का गठन मुख्य सचिव की अध्यक्षता में किया गया हैं.


**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD. — म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड**

कार्यालय महाप्रबंधक (सं/सं) वृत्त, रायसेन

पाटनदेव सागर रोड रायसेन (म.प्र.)-464551 ई-मेल raisencircle@gmail.com

क्र./महा.प्र./सं.सं./वृत्त/2025-26/4761 रायसेन, दिनांक : 04.09.2025

**NOTICE INVITING E-TENDERS (NIT-01)**

E-tender is invited from eligible electrical contractors who are registered relevant category through "ANUBANDH" portal of MPMKVVCL, for the following electrical work.

| Particulars | App. Value (In. Lakh) | Tender Document Fees (In Rs.) | Bid Submission Start & End Date | Bid Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| Empanelment of Agencies for Restoration of Distribution Infrastructure during Emergency in Raisen Circle | 50.00 | 5900/- | 04.09.2025, 18:00 Hrs. up to 19.09.2025, 12:30 Hrs. | 20.09.2025 at 13:00 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/121915/2025 GENERAL MANAGER (O&M)

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**

Office of General Manager (City) Cricle

Old Kisan Bank Building Sultaniya Road, Bhopal - 462001

Phone : 0755-2678226, E-mail : secitybhopal@gmail.com, secitypur@gmail.com

Ref. No. GM/CC/PUR/2025-26/5623-24 Bhopal, Dated : 03.09.2025

**TENDER NOTICE**

MPMKVVCL, Bhopal invites bids for following item through e-tendering.

| Particulars | Approx. Value (In Lakh) | Tender Fee (Rs.) | EMD (In Rs.) | Date of Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|
| "E-Tender for Supply of Telescopic Ladder for all offices situated under City Circle Bhopal | 4.00 | 590.00 | 8000.00 | 16.09.2025 at 3:30 PM |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/121916/2025 GENERAL MANAGER (CITY)

**कार्यालय नगर निगम, भोपाल (विद्युत शाखा)**

आईएसबीटी, गोविन्दपुरा

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना द्वितीय**

क्र.154 /वि.शा./2025 दिनांक 1-9-2025

निम्नलिखित कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार परसेन्टेज/ आयटमरेट मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं.

| क्र. | ऑनलाइन टेंडर नं. | कार्य स्थल का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर. | निविदा की अवधि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_441333_2 | Street light arrangement from Piriya Chouraha to Sampada gate and Piriya Basti of ward 62 Zone No. 15 under BMC Bhopal (Second Call) | 1927400 | 14500 | 2000 | registered electrical contractor in centralized registration system in MPPWD having valid electrical license | mpuadd electrical sor 2021 and non sor item | 15 दिवस | 03 माह |

**नियम व शर्तें:-** निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है. यदि किसी प्रकार का संशोधन होता है तो वह वेबसाइट पर प्रदर्शित होगा. वह पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं होगा.

नि.क्र. 2379/025/026 कार्यपालन यंत्री (वि.), नगर निगम भोपाल

**कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन**

*छत्रपति शिवाजी भवन, आगर रोड उज्जैन,*

**(Online) निविदा आमंत्रण सूचना**

विज्ञप्ति क्रमांक: 8/Simhast Cell/2025/344 उज्जैन, दिनांक : 25.08.25

निम्नांकित कार्य के लिए प्रपत्र अ (फार्म ए) में प्रतिशत कम या अधिक के आधार पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, म.प्र. शासन भोपाल के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से उक्त विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है तथा ठेकेदार की (श्रेणी सी) एम.पी. गवर्नमेंट व सिरियल क्र. 1 का टेंडर फार्म का मूल्य 50,000/- रहेगा।

सिरियल क्र. 1 ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम दिनांक **24.09.2025** समय 17.00, ऑनलाईन ईएमडी राशि एवं समस्त दस्तावेज **Submission** करने की अंतिम दिनांक **24.09.2025** समय 17:00 रहेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाईट **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना ऑनलाईन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल | अर्नेस्टमनी रुपए | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1 | 2025_UAD_446665_1 | गाड़ी अड्डा चौराहे से ढांचा भवन होते हुए रणकेश्वर महादेव मंदिर तक एम.आर. 4 रोड चौडीकरण | 43,22,75,965/- | 02.08.2021 UADD ISSR SOR and ITEM RATE | 21,61,380/- | 730 दिन |

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
उज्जैन

**कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल
श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**संस्था स्तर की काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**

काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर (वास्तुकला परिषद), नई दिल्ली द्वारा जारी Circular Letter Dated 27.08.25 Extension of last date for admission to B.Arch, M.Arch and Diploma Programmes के परिपालन में

**(मध्यप्रदेश के शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी क्षेत्र संस्थानों में संचालित, (COA) द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम)**

**प्रवेश हेतु उपलब्ध पाठ्यक्रम**

डिप्लोमा आर्किटेक्चर (Diploma Architecture)
बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर (B. Arch.) पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु
स्नातकोत्तर आर्किटेक्चर (M. Architecture) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु

**समय सारणी**

| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | प्रवेश का अवसर प्राप्त करना |
|---|---|
| 05.09.2025 से 10.09.2025 रात्रि 11:30 बजे तक | 11.09.2025 एवं 12.09.2025 प्रातः 10:30 बजे से |
| 13.09.2025 से 21.09.2025 रात्रि 11:30 बजे तक | 22.09.2025 एवं 23.09.2025 प्रातः 10:30 बजे से |
| 23.09.2025 से 30.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 29.09.2025 एवं 30.09.2025 प्रात: 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |

**महत्वपूर्ण:-**

- प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये संस्था स्तर की काउंसलिंग हेतु पंजीयन करा चुके अभ्यर्थी, अधिकृत वेबसाइट पर संस्था/ब्रांच की उपलब्ध रिक्तियों का अवलोकन कर उपरोक्त दर्शायी गई तिथियों पर प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये इच्छुक संस्था में प्रातः 10:30 बजे स्वयं उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज करवाना आवश्यक है। तत्पश्चात मेरिट के अनुसार प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी।
- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची इत्यादि, वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।

**प्रवेश निरस्त**

- **प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।**
- **संपर्क :- 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

अतिरिक्त संचालक
म.प्र. माध्यम/121899/2025 तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

**In The Court of VI Civil Judge Class- I , District Court, Satna**

**Presiding Officer: रितिका शर्मा**

**आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत**

(EX A/0000008/2019)

श्री रामनाथ सोनी द्वारा वारिसान श्रीमती गणेशी बाई पत्नी श्री बजरंग सोनी ...वादी

Vs

रामेश्वर प्रसाद सोनी ...प्रतिवादी

**Process id-266/2025**

पेशी दिनांक- 9/9/2025

**प्रेषिती**

**1. नीरजा सोनी पत्नी श्री रामकुशल सोनी पुत्री रामेश्वर सोनी, पता- बैंक कॉलोनी गली नंबर 2 गर्जियन गाइड स्कूल के पास, डॉ. देवेन्द्र सिंह के मकान के सामने सतना सिद्धार्थ नगर सतना वर्तमान निवासी भोपाल जिला भोपाल**

यह कि प्रार्थी श्री रामनाथ सोनी द्वारा वारिसान श्रीमती गणेशी बाई पत्नी श्री बजरंग सोनी ने आपके विरुद्ध व्यवहारवाद के लिए वाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/ हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनो का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं, पेश करें, जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें. आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपका अनुपस्थिति में किया जाएगा, साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें.

**यह आज तारीख 4 सितम्बर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है.**

सील

**(श्रीमती रितिका शर्मा)**

**षष्टम व्यवहार न्यायाधीश,वरिष्ठ खंड सतना म.प्र.**

**कृपया ध्यान दें:-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा.